**Shivalik Public School**

**Worksheet - 1**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 6**

**<u>पाठ 10 - एक दिन की बादशाहत</u>**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   - i. पाबंदी
   - ii. खानसामा
   - iii. मुआयना
   - iv. आपा
   - v. खिदमत
2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
   - i. निवाला
   - ii. फ़ौरन
   - iii. खानसामा
3. मिलान करो -

| | | |
|---|---|---|
| i. | फ़ौरन | क) बहस |
| ii. | निवाला | ख) परीक्षा |
| iii. | तकरार | ग) घूमना |
| iv. | इम्तिहान | घ) रोटी का टुकड़ा |
| v. | सैर सपाटा | ङ) जल्दी |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   - i. आरिफ़ और सलीम ने अब्बा के सामने क्या दरखास्त रखी ?
   - ii. दूसरे दिन सभी बड़े आरिफ़ और सलीम के सामने क्यों नहीं बोल पा रहे थे ?
   - iii. अंत में अगली सुबह क्या हुआ ?
5. खाली स्थान भरो ।
   - i. आरिफ़ और सलीम सब बड़ों की सही ______ उतार रहे थे ।
   - ii. आरिफ़ और सलीम ने मिलकर एक ______ बनाई ।
   - iii. दादी ने सुबह की ______ पढ़ने के बाद दवाएँ ली ।

6. नैतिक मूल्य प्रश्न -

यदि तुम्हें एक दिन के लिए बड़ों के सारे अधिकार दे दिये जाएँ तो तुम क्या करोगे ?

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 1**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 6**

**<u>पाठ - एक दिन की बादशाहत</u>**

**<u>Answer Key</u>**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   i. पाबंदी - रोक-टोक, restriction
   ii. खानसामा - रसोइया, butler
   iii. मुआयना - जाँच पड़ताल, to check
   iv. आपा - बड़ी बहन, elder sister
   v. खिदमत - सेवा, service
2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें । - स्वयं लिखेंगे
   i. निवाला
   ii. फ़ौरन
   iii. खानसामा
3. मिलान करो -

| | | |
|---|---|---|
| i. | फ़ौरन | ङ॰) जल्दी |
| ii. | निवाला | घ) रोटी का टुकड़ा |
| iii. | तकरार | क) बहस |
| iv. | इम्तिहान | ख) परीक्षा |
| v. | सैर सपाटा | ग) घूमना |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   i. आरिफ़ और सलीम ने अब्बा के सामने क्या दरखास्त रखी ?
   उत्तर - आरिफ़ और सलीम ने अब्बा के सामने दरखास्त रखी कि उन्हें एक दिन के लिए बड़ों के सारे अधिकार दे दिए जाएँ और बड़े छोटे बन जाएँ ।
   ii. दूसरे दिन सभी बड़े आरिफ़ और सलीम के सामने क्यों नहीं बोल पा रहे थे ?
   उत्तर - दूसरे दिन सभी बड़े आरिफ़ और सलीम के सामने इस लिए नहीं बोल पा रहे थे क्योंकि अब्बा ने उस दिन बड़ों के सारे अधिकार बच्चों को दे दिए थे ।

iii. अंत में अगली सुबह क्या हुआ ?

उत्तर - अंत में अगली सुबह सब बड़ों का व्यवहार आरिफ़ और सलीम के प्रति बदल गया ।

5. खाली स्थान भरो ।

i. आरिफ़ और सलीम सब बड़ों की सही _नकल_ उतार रहे थे ।

ii. आरिफ़ और सलीम ने मिलकर एक _योजना_ बनाई ।

iii. दादी ने सुबह की _नमाज़_ पढ़ने के बाद दवाएँ ली ।

6. नैतिक मूल्य प्रश्न -

यदि तुम्हें एक दिन के लिए बड़ों के सारे अधिकार दे दिये जाएँ तो तुम क्या करोगे ?

उत्तर - स्वयं लिखेंगे ।

संकेत - कंप्यूटर पर गेम खेलना, मनपसंद जगह जाना, आदि ।

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 2**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 6**

**पाठ 11 - चावल की रोटियाँ**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
    i. तश्तरी
    ii. स्वगत
    iii. खुशकिस्मत
    iv. दस्तक
    v. स्वादिष्ट
2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
    i. नाश्ता
    ii. खबर
    iii. तश्तरी
3. मिलान करो -

| | |
|---|---|
| i. चुस्की | क) सुबह का खाना |
| ii. शुक्रिया | ख) चाय रखने का बरतन |
| iii. नाश्ता | ग) धन्यवाद |
| iv. केतली | घ) एक घूँट |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
    i. मिमि कौन थी ? वह कोको के घर क्यों आई थी ?
    ii. तिन सू कोको के घर क्या देने आया था ?
    iii. कोको के माता-पिता कहाँ और क्यों गए थे ?
5. खाली स्थान भरो ।
    i. कोको के घर सबसे पहले ______ आया था ।
    ii. कोको की माँ ने चावल की रोटियाँ बनाकर रखने की बात ______ को बताई ।
    iii. मिमि ने पापड़ निगलने के लिए ______ माँगी ।
    iv. कोको ______ वर्ष का बालक था ।
    v. उ बा तुन दुकान का ______ था ।

vi. कोको की तरह चावल की रोटियाँ ______ को पसंद थी ।

6. नैतिक मूल्य प्रश्न -

झूठ क्यों नहीं बोलना चाहिए ? झूठ बोलने से क्या नुकसान होता है ?

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 2**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 6**

**पाठ - चावल की रोटियाँ**

**Answer Key**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   i. तश्तरी - प्लेट, Plate
   ii. स्वगत - मन में सोचना, speaking to one self
   iii. खुशकिस्मत - अच्छी किस्मत, fortunate
   iv. दस्तक - दरवाज़ा खटखटाना, to knock
   v. स्वादिष्ट - बढ़िया/मज़ेदार - Tasty
2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें । - स्वयं लिखेंगे
   a. नाश्ता
   b. खबर
   c. तश्तरी
3. मिलान करो -

| | |
|---|---|
| a. चुस्की | घ) एक घूँट |
| b. शुक्रिया | ग) धन्यवाद |
| c. नाश्ता | क) सुबह का खाना |
| d. केतली | ख) चाय रखने का बरतन |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   a. मिमि कौन थी ? वह कोको के घर क्यों आई थी ?

      उत्तर - मिमि कोको की दोस्त थी । वह कोको के घर चावल की रोटियाँ खाने और उसे केले के पापड़ देने आई थी ।
   b. तिन सू कोको के घर क्या देने आया था ?

      उत्तर - तिन सु कोको के घर नए फूलदान में रखने के लिए गेंदे के फूल लाया था ।
   c. कोको के माता-पिता कहाँ और क्यों गए थे ?

      उत्तर - कोको के माता-पिता खेतों में धान लगाने गए थे ।

5. खाली स्थान भरो ।
    a. कोको के घर सबसे पहले _नीनी_ आया था ।
    b. कोको की माँ ने चावल की रोटियाँ बनाकर रखने की बात _मिमि_ को बताई ।
    c. मिमि ने पापड़ निगलने के लिए _चाय_ माँगी ।
    d. कोको _8_ वर्ष का बालक था ।
    e. उ बा तुन दुकान का _प्रबंधक_ था ।
    f. कोको की तरह चावल की रोटियाँ _मिमि_ को पसंद थी ।
6. नैतिक मूल्य प्रश्न -

   झूठ क्यों नहीं बोलना चाहिए ? झूठ बोलने से क्या नुकसान होता है ?

   - स्वयं लिखेंगे

     संकेत - एक झूठ बोलो तो कई झूठ बोलने पड़ते है ।

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 3**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 6**

**<u>पाठ - व्याकरण(अपठित गद्यांश और लिंग)</u>**

1. सही या गलत का निशान लगाएँ ।
   i. नदियों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं ।
   ii. देशों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं ।
   iii. कुछ शब्द स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग दोनों में समान रहते हैं ।
2. लिंग किसे कहते है ? लिंग के प्रकार लिखिए ।
3. दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए ।
   i. गायक
   ii. लेखक
   iii. भगवान
   iv. श्रीमान
   v. हंस
4. दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

   संसार में तीन बातें बड़ी महत्त्वपूर्ण हैं। इनको प्राप्त करके तुम संसार के किसी भी कोने में जाओगे, तो अपना निर्वाह कर सकोगे। ये तीन बातें हैं- अपनी आत्मा का, अपने आप का और ईश्वर का सच्चा ज्ञान प्राप्त करना। इसका मतलब यह नहीं कि तुम्हें अक्षर-ज्ञान नहीं मिलेगा, वह तो मिलेगा ही, लेकिन तुम उसी की चिंता करो, यह मैं नहीं चाहता। इसके लिए तुम्हारे पास अभी बहुत समय है। अक्षर-ज्ञान तो इसलिए होता है कि जो कुछ तुम्हें मिला है. उसे तुम दूसरों को दे सको। इतना याद रखना कि अब से हमें ग़रीबी में रहना है। जितना अधिक मैं विचार करता हूँ, उतना ही अधिक मुझे लगता है कि गरीबी में ही सुख है। अमीरों की तुलना में गरीब अधिक सुखी हैं।

   i. किसकी तुलना में कौन सुखी है ?
   ii. संसार में कौन सी बातें महत्त्वपूर्ण हैं ?
   iii. 'गरीबी' शब्द का विलोम शब्द लिखें ।
   iv. 'संसार' शब्द का पर्यायवाची लिखें ।

v. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 3**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 6**

**<u>पाठ - व्याकरण(अपठित गद्यांश और लिंग)</u>**

**<u>Answer Key</u>**

1. सही या गलत का निशान लगाएँ ।
    i. नदियों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं । सही
    ii. देशों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं । गलत
    iii. कुछ शब्द स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग दोनों में समान रहते हैं । सही
2. लिंग किसे कहते है ? लिंग के प्रकार लिखिए ।
   उत्तर - जो शब्द पुरुष या स्त्री जाति का बोध कराते है, वे लिंग कहलाते है । लिंग के दो भेद है - पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग
3. दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए ।
    i. गायक - गायिका
    ii. लेखक - लेखिका
    iii. भगवान - भगवती
    iv. श्रीमान - श्रीमति
    v. हंस - हंसिनी
4. दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
   संसार में तीन बातें बड़ी महत्त्वपूर्ण हैं। इनको प्राप्त करके तुम संसार के किसी भी कोने में जाओगे, तो अपना निर्वाह कर सकोगे। ये तीन बातें हैं- अपनी आत्मा का, अपने आप का और ईश्वर का सच्चा ज्ञान प्राप्त करना। इसका मतलब यह नहीं कि तुम्हें अक्षर-ज्ञान नहीं मिलेगा, वह तो मिलेगा ही, लेकिन तुम उसी की चिंता करो, यह मैं नहीं चाहता। इसके लिए तुम्हारे पास अभी बहुत समय है। अक्षर-ज्ञान तो इसलिए होता है कि जो कुछ तुम्हें मिला है. उसे तुम दूसरों को दे सको। इतना याद रखना कि अब से हमें ग़रीबी में रहना है। जितना अधिक मैं विचार करता हूँ, उतना ही अधिक मुझे लगता है कि गरीबी में ही सुख है। अमीरों की तुलना में गरीब अधिक सुखी हैं।
    i. किसकी तुलना में कौन सुखी है ?
       उत्तर - अमीरों की तुलना में गरीब अधिक सुखी है ।

ii. संसार में कौन सी बातें महत्त्वपूर्ण हैं ?

उत्तर - अपनी आत्मा, अपने आप का और ईश्वर का सच्चा ज्ञान प्राप्त करना ।

iii. ‘गरीबी’ शब्द का विलोम शब्द लिखें ।

अमीरी

iv. ‘संसार’ शब्द का पर्यायवाची लिखें ।

दुनिया, विश्व

v. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

संसार या स्वयं लिखेंगे

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 4**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 7**

**पाठ 12 - गुरु और चेला**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   i) सुयश -
   ii) भाजी -
   iii) हाट -
   iv) हिकमत -
   v) अनबूझ -

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   (i) अंधेर नगरी का राजा कैसा था ?
   (ii) अंधेर नगरी में सब कुछ कितने सेर मिलता था ?
   (iii) चेले की जान बचाने के लिए गुरुजी ने क्या कहा ?
   (iv) राजा के मरने पर प्रजा क्यों खुश हुई ?
3. नैतिक मूल्य प्रश्न
   "गुरु और चेला" पाठ के आधार पर बताइए कि अंधेर नगरी का राजा कैसा था ? अगर आप उस नगरी के राजा होते तो प्रजा के साथ कैसा व्यवहार करते ?
4. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
   (i) ग्वालिन
   (ii) हाट
   (iii) संतरी

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 4**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 7**

**<u>पाठ 12 - गुरु और चेला (Answer Key)</u>**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   (i) सुयश - कीर्ति , Fame
   (ii) भाजी - सब्जी, Vegetable
   (iii) हाट - बाज़ार, Market
   (iv) हिकमत - गलती, Mistake
   (v) अनबूझ - नासमझ, Ignorant
2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   (i) अंधेर नगरी का राजा कैसा था ?
   उत्तर - राजा नासमझ था ।
   (ii) अंधेर नगरी में सब कुछ कितने सेर मिलता था ?
   उत्तर - सब कुछ टके सेर अर्थात एक रुपया प्रति किलो मिलता था ।
   (iii) चेले की जान बचाने के लिए गुरुजी ने क्या कहा ?
   उत्तर - चेले की जान बचाने के लिए गुरुजी ने कहा कि इस समय जो फाँसी पर चढ़ेगा वह चक्रवती राजा बनेगा ।
   (iv) राजा के मरने पर प्रजा क्यों खुश हुई ?
   उत्तर - क्योंकि उन्हें नासमझ राजा के गलत फैसलों से छुटकारा मिल गया था ।
3. नैतिक मूल्य प्रश्न
   "गुरु और चेला" पाठ के आधार पर बताइए कि अंधेर नगरी का राजा कैसा था ? अगर आप उस नगरी के राजा होते तो प्रजा के साथ कैसा व्यवहार करते ?
   स्वयं लिखेंगे ।
4. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
   (i) ग्वालिन
   (ii) हाट
   (iii) संतरी - स्वयं करेंगे

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 5**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 7**

**<u>पाठ 13 - स्वामी की दादी</u>**

1) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   क) खूँखार -
   ख) खर्राटे -
   ग) परीक्षक -
   घ) समर्थन -
2) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
   क) परीक्षक
   ख) शानदार
   ग) कोठरी
3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   क) स्वामी की दादी के पास क्या समान था ?
   ख) स्वामी के दादा जी क्या थे और उनसे कौन डरते थे ?
   ग) स्वामी की दादी ने बुआ को महामूर्ख क्यों कहा ?
4) नैतिक मूल्य प्रश्न -
   स्वामी की दादी अपने बक्से में इलायची, लौंग और सुपारी क्यों रखती होगी ? क्या आपकी दादी भी इस तरह का समान अपनी अलमारी या बक्से में रखती है ?

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 5**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 7**

**<u>पाठ 13 - स्वामी की दादी(Answer Key)</u>**

1) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   क) खूँखार - डरावना, terrible
   ख) खर्राटे - सोते समय निकलने वाली आवाज़, snoring
   ग) परीक्षक - परीक्षा लेने वाला, examiner
   घ) समर्थन - सहमति, agree
2) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
   क) परीक्षक - स्वयं करेंगे।
   ख) शानदार
   ग) कोठरी
3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   क) स्वामी की दादी के पास क्या समान था ?
   उत्तर - पाँच दरियों, तीन चादरों और पाँच तकियों का बिस्तर । पटसन का वर्गाकार बक्सा । लकड़ी के बक्से में लौंग, इलायची, सुपारी व तांबे के सिक्के ।
   ख) स्वामी के दादा जी क्या थे और उनसे कौन डरते थे ?
   उत्तर- स्वामी के दादाजी रौबदार सब-मजिस्ट्रेट थे और सभी पुलिसवाले और खूँखार डाकू डरते थे ।
   ग) स्वामी की दादी ने बुआ को महामूर्ख क्यों कहा ?
   उत्तर- स्वामी की बुआ ने अपने पिता की सफलता की निशानी मैडल को गलवाकर चार हल्की चुड़ियाँ बनवा ली थी ।
4) नैतिक मूल्य प्रश्न -
   स्वामी की दादी अपने बक्से में इलायची, लौंग और सुपारी क्यों रखती होगी ? क्या आपकी दादी भी इस तरह का समान अपनी अलमारी या बक्से में रखती है ?
   स्वयं लिखेंगे ।

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 6**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 8**

**<u>पाठ 14 -बाघ आया उस रात</u>**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   i. पहरा
   ii. आगाह
   iii. दफ़्तर
   iv. अपन
   v. रोज़

2.निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
   i. झरना
   ii. बालक
   iii. पहरा

3.मिलान करो -

| | | |
|---|---|---|
| i. | बतलाना | क) समय |
| ii. | वक्त | ख) कहना |
| iii. | आगाह करना | ग) ऑफिस |
| iv. | दफ़्तर | घ) सावधान करना |

4.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   i. "बाघ आया उस रात" के कवि कौन हैं ?
   ii. बाघ कहाँ रेहता था और उसके कितने बच्चे थे ?
   iii. बालक ने बाघ को कब और कहाँ देखा होगा ?

5.नैतिक मूल्य प्रश्न -

बाघ के संरक्षण के लिए हमें कौन-कौन से संरक्षण करने चाहिए ?

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 6**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 8**

**<u>पाठ 14 - बाघ आया उस रात</u>**

**<u>Answer Key</u>**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   i. पहरा - चौकीदारी (To watch)
   ii. आगाह - चेतावनी (warning)
   iii. दफ़्तर - कार्यालय (office)
   iv. अपन - हम (we)
   v. रोज़ - दिन (day)
2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें । (स्वयं करेंगे)
   i. झरना
   ii. बालक
   iii. पहरा
3. मिलान करो -

| | | |
|---|---|---|
| i. | बतलाना | ख) कहना |
| ii. | वक्त | क) समय |
| iii. | आगाह करना | घ) सावधान करना |
| iv. | दफ़्तर | ग) ऑफिस |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   i. "बाघ आया उस रात" के कवि कौन हैं ?
      उत्तर - नागार्जुन
   ii. बाघ कहाँ रेहता था और उसके कितने बच्चे थे ?
      उत्तर - बाघ झरने के पास रहता था और उसके दो बच्चे थे।
   iii. बालक ने बाघ को कब और कहाँ देखा होगा ?
      उत्तर - बालक ने बाघ को रात के समय अपने घर के पास देखा होगा।
5. नैतिक मूल्य प्रश्न -
   बाघ के संरक्षण के लिए हमें कौन-कौन से संरक्षण करने चाहिए ? (स्वयं करेंगे)
   संकेत - पेड़ लगाना, जंगलों का विस्तार करना, पर्यावरण शिक्षा

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 7**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 8**

**पाठ 15 -बिशन की दिलेरी**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   i. रौबदार
   ii. आस्तीन
   iii. पगडंडी
   iv. ढलवाँ
2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
   i. तड़के
   ii. कामयाब
   iii. पंछी
3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   i. बिशन ने तीतर की जान कैसे बचाई ?
   ii. कर्नल दत्ता शिकारियों की किस बात से नाराज़ थे ?
   iii. बिशन घायल तीतर को क्यों बचना चाहता था ?
4. खाली स्थान भरो ।
   i. तीतर गेहूँ की बालियों के बीच _______ रहा था।
   ii. कर्नल दत्ता ने गुलाब चंद से दवाई छिड़काने वाली _______ लाने को कहा।
   iii. कर्नल दत्ता ने शिकारियों की बात पर कोई _______ नही दिया।
5. नैतिक मूल्य प्रश्न -

   हमें पशु पक्षियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 7**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 8**

**<u>पाठ 15 -बिशन की दिलेरी</u>**

**<u>Answer Key</u>**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
    i. रौबदार - बलशाली व्यक्तित्व (imposing personality)
    ii. आस्तीन - कमीज़ की बाँह का अगला हिस्सा (sleeve of a garment)
    iii. पगडंडी - खेत की मेड़ (a path)
    iv. ढलवाँ - ढलानदार (inclined)
2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें । (स्वयं करेंगे)
    i. तड़के
    ii. कामयाब
    iii. पंछी
3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
    i. बिशन ने तीतर की जान कैसे बचाई ?
       उत्तर - बिशन ने तीतर को स्वेटर में छिपा लिया और फिर वह काँटेदार झाड़ियों से होता हुआ कर्नल दत्ता के घर पहुँच गया, इस प्रकार उसने तीतर की कान बचाई।
    ii. कर्नल दत्ता शिकारियों की किस बात से नाराज़ थे ?
       तीतरों का शीकर करने के कारण कर्नल दत्ता शिकारियों से नाराज़ थे।
    iii. बिशन घायल तीतर को क्यों बचाना चाहता था ?
       उत्तर - बिशन घायल तीतर को इसलिए बचाना चाहता था क्योंकि गोली लगने के कारण वह तड़प रहा था।

4. खाली स्थान भरो ।
    i. तीतर गेहूँ की बालियों के बीच _______ रहा था।
       उत्तर - छटपटा
    ii. कर्नल दत्ता ने गुलाब चंद से दवाई छिड़काने वाली _______ लाने को कहा।

उत्तर - मशीन

iii. कर्नल दत्ता ने शिकारियों की बात पर कोई _______ नही दिया।

उत्तर - ध्यान

5. नैतिक मूल्य प्रश्न - (स्वयं करेंगे)

हमें पशु पक्षियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

संकेत - दया का भाव, दाना पानी, स्वतन्त्रता

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 8**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 9**

**<u>पाठ 16 - पानी रे पानी</u>**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
    i. बचत
    ii. रिसना
    iii. पाटना
    iv. पहलू
    v. अकाल
2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
    i. पाटना
    ii. बेहद
    iii. अकाल
3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
    i. गर्मी में के मौसम में पानी की क्या स्थिति होती है?
    ii. भूजल भंडार को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है?
    iii. धरती को पानी की गुल्लक क्यों कहा जाता है?
4. खाली स्थान भरो ।
    i. पानी की बेहद कमी और पानी का बेहद ज्यादा हो का बेहद ज्यादा हो जाना एक सिक्के के दो _______ हैं ।
    ii. धरती रूपी गुल्लक में प्रकृति वर्षा के मौसम में खूब _______ बरसाती है ।
    iii. बरसात के मौसम में हर तरफ ______ बहने लगता है ।
5. नैतिक मूल्य प्रश्न - पानी का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है? क्या हम पानी के बिना जीवित रह सकते हैं?

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 8**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 9**

पाठ **16** - पानी रे पानी(Answer Key)

1.) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखो ।

I. बचाना -SAVING
II. सूखा -DROUGHT
III. सतह में बहना-LEAKAGE
IV. भरना- TO FILL WITH
V. पक्ष- SIDE
VI. सूखा- DROUGHT

2.) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
स्वयं लिखेंगे।

3.) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।

प्रश्न १ - गर्मी में के मौसम में पानी की क्या स्थिति होती है?
उत्तर १ - गर्मी के मौसम में पानी की कमी हो जाती है। पानी बिकने लगता है। के जगह अकाल की स्थिति बन जाती है।
प्रश्न २ - भूजल भंडार को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है?
उत्तर २ - जल चक्र को ठीक से समझकर तथा पानी का सही ढंग से उपयोग करके जल चक्र को सुरक्षित रखा जा सकता है।
प्रश्न३-धरती को पानी की गुल्लक क्यों कहा जाता है?
उत्तर ३-बरसात के मौसम में धरती गुल्लक की तरह पानी को अपने अंदर जमा कर लेती है। गर्मी के मौसम में जरूरत पड़ने पर हम इस जमा पानी को इस्तेमाल कर सकते हैं। इसलिए धरती को पानी की गुल्लक कहा जाता है।

4.) खाली स्थान भरो ।

I. पानी की बेहद कमी और पानी का बेहद ज्यादा हो जाना एक ही सिक्के के दो पहलू हैं ।
II. धरती रूपी गुल्लक में प्रकृति वर्षा के मौसम में खूब पानी_बरसाती है ।
III. बरसात के मौसम में हर तरफ पानी_बरसाती बहने लगता है ।

5.) नैतिक मूल्य प्रश्न -

पानी का हमारे जीवन में क्या महत्तव है? क्या हम पानी के बिना जीवित रह सकते हैं? - स्वयं करें

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 9**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 9**

**पाठ 17 - छोटी सी हमारी नदी**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   i. ढोर डंगर
   ii. घाम
   iii. अमराई
   iv. काँस
   v. कोलाहल
   vi. खाली स्थान भरो
      i. नदी की धार ________ है ।
      ii. बच्चे नदी तट पर छोटी-छोटी ________पकड़ते हैं।
      iii नदी के किनारे ________हैं।
   vii. पेड़ों की छाँव में ब्राह्मण ________रहता

2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।
   i) गमछा
   ii ) कोलाहल
   iii) अमराई

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।

   i) नदी के किनारे और पाट कैसे हैं ?
   ii) वर्षा से नदी का जल कैसा हो जाता है?
   iii) हुआँ - हुआँ कौन करता है?

iv) टोले में कौन-से उत्सव की खूब धूम मच जाती है?

v) इस कविता के कवि का नाम बताओ ?

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 9**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 9**

**पाठ 17 - छोटी सी हमारी नदी(**Answer Key**)**

1, निम्नलिखित शब्दों अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।

i. जानवर -BEAST

ii. आम का बगीचा-ORCHARD OF MANGO

iii. लंबी घास -GRASS

iv. शोर-NOISE

2. खाली स्थान भरो

i. नदी की धार **टेढ़ी-मेढ़ी** है ।

**ii.** बच्चे नदी तट पर छोटी-छोटी **मछलियाँ** पकड़ते हैं।

iii. नदी के किनारे **ऊँचे** हैं।

iv. पेड़ों की छाँव में ब्राह्मण **टोला** रहता

3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।

**i. गमछा**- गर्मियों में धूप से बचने के लिए किसान ने सिर पर गमछा बाँध लिया।

**ii. कोलाहल-**: नदी के चारों तरफ जानवरों का **कोलाहल** मचा रहता है।

**Iii. अमराई**:- नदी के दोनों तरफ अमराई का बगीचा है ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।

i. नदी के किनारे और पाट कैसे होतें हैं ?

उत्तर -ऊँचे और ढालू

ii. वर्षा से नदी का जल कैसा हो जाता है?

उत्तर - वर्षा से नदी का जल गँदला हो जाता है।

iii. हुआँ - हुआँ कौन करता है?

उत्तर - हुआँ - हुआँ सियार करता है।

iv टोले में कौन-से उत्सव की खूब धूम मच जाती है?

उत्तर - टोले में वर्ष उत्सव की धूम मच जाती है ।

V. इस कविता के कवि का नाम बताओ ?

उत्तर - रवींद्रनाथ ठाकुर

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 10**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 9**

**<u>क्रिया और</u>** <u>पर्यायवाची</u>

प्रश्न 1. क्रिया किसे कहते हैं?

प्रश्न 2. क्रिया के कितने भेद हैं? नाम लिखो।

प्रश्न 3. क्रिया के सही रूप से खाली जगह भरिए-

i. माता जी ने गाय को रोटी ----। (खिलाना)

ii. अध्यापिका ने लड़कियों को-----।( समझना)

प्रश्न 4- क्रिया का सही भेद लिखें-

i. रवि ने मित्र को पत्र लिखा -

ii. राम तैर रहा है। -

प्रश्न 5- दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए-

i. अध्यापक पढ़ा रहे हैं।

ii. तारे आसमान में चमकते हैं।

प्रश्न 6- पर्यायवाची लिखिए -

i. आकाश

ii. फूल

iii. साँप

iv. हाथ

v. अतिथि

vi. ईश्वर

vii. कमल

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 10**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 9**

**क्रिया और** पर्यायवाची - Answer Key

प्रश्न 1 क्रिया किसे कहते हैं?

उत्तर 1. जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चलता है, उन शब्दों को क्रिया कहते हैं।

प्रश्न 2- क्रिया के कितने भेद हैं? नाम लिखो।

उत्तर २ क्रिया के दो भेद हैं

१. अकर्मक क्रिया २ सकर्मक क्रिया

प्रश्न 3-. क्रिया के सही रूप से खाली जगह भरिए-

I माता जी ने गाय को रोटी – **खिलाई**--। (खिलाना)

ii अध्यापिका ने लड़कियों को---- **समझाया** (समझना)

प्रश्न 4- क्रिया का सही भेद लिखें-

i रवि ने मित्र को पत्र लिखा। - **सकर्मक क्रिया**

ii राम तैर रही है। - **अकर्मक क्रिया**

प्रश्न 5- दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए-

ii. अध्यापक **पढ़ा रहे हैं।**

ii. तारे आसमान में **चमकते हैं।**

प्रश्न 6- पर्यायवाची लिखिए -

i. आकाश - नभ, गगन, अंबर
ii. फूल - सुमन, पुष्प, प्रसून
iii. साँप - भुजंग ,सर्प ,नाग
iv. हाथ- हस्त, पाणि
v. अतिथि - मेहमान, आगंतुक
vi. ईश्वर - प्रभु, भगवान
vii. कमल - पंकज, नीरज

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 11**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 10**

**<u>पाठ-चुनौती हिमालय की</u>**

1.निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।

i. हादसा

ii. नवयुवक

iii. उपचार

iv. सपाट

v. आपत्ति

2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें ।

i. नवयुवक

ii. हिदायत

iii. तादाद

3.मिलान करो -

| | |
|---|---|
| i. वीरान | क) साहब |
| ii. दुर्गम | ख) दुर्घटना |
| iii. शाब | ग)जहाँ पहुँचना कठिन हो |
| iv. हादसा | घ)सुनसान |
| v. समतल | ड॰) सपाट |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।

i. जवाहरलाल, किशन और कुली सभी रस्सी से क्यों बंधे थे ?

ii. जवाहरलाल को अमरनाथ का सफर अधूरा क्यों छोड़ना पड़ा ?

iii. बरफ से ढके पहाड़ उदास वह फीकें क्यों लग रहे थे ?

5. खाली स्थान भरो ।

i. जवाहरलाल _______ की यात्रा पर जा रहे थे।

ii. मातायन से अमरनाथ की दूरी _______ मील थी।

iii. बरफीला मैदान दूर से जितना _______ दिख रहा था असलियत में उतना ही ऊबड़-खाबड़ था।

iv. ________ की दुर्गम पर्वतमाला मुँह उठाए चुनौती दे रही थी।

v. नेहरू जी ________ जाने के लिए सुबह सवेरे तैयार हो गए।

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 11**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 10**

**<u>पाठ-चुनौती हिमालय की</u>**

**<u>Answer Key</u>**

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ तथा अनुवाद लिखें ।
   i. हादसा - दुर्घटना (accident)
   ii. नवयुवक - जवान व्यक्ति (young man)
   iii. उपचार - इलाज (treatment)
   iv. सपाट - समतल (flat surface)
   v. आपत्ति - जहाँ पहुँचना कठिन हो (difficult to reach)
2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें । (स्वयं करेंगे)
   i. नवयुवक
   ii. हिदायत
   iii. तादाद
3. मिलान करो -

| | |
|---|---|
| i. वीरान | क) साहब (iii) |
| ii. दुर्गम | ख) दुर्घटना (iv) |
| iii. शाब | ग)जहाँ पहुँचना कठिन हो (ii) |
| iv. हादसा | घ)सुनसान (i) |
| v. समतल | ङ) सपाट (v) |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।
   i. जवाहरलाल, किशन और कुली सभी रस्सी से क्यों बंधे थे ?
   उत्तर - जवाहरलाल,किशन और कुली सभी रस्सी से इसलिए बंधे थे ताकि यदि कोई फिसल कर खाई में गिर जाए तो उसे रस्सी के सहारे बचाया जा सके।
   ii. जवाहरलाल को अमरनाथ का सफर अधूरा क्यों छोड़ना पड़ा ?

उत्तर - जवाहरलाल को अमरनाथ का सफर इसलिए अधूरा छोड़ना पड़ा क्योंकि आगे का रास्ता खाइयों से भरा था और उनके पास खाइयों को पार करने का उचित समान नही था।

iii. बरफ से ढके पहाड़ उदास वह फीकें क्यों लग रहे थे ?

उत्तर - बरफ से ढके पहाड़ उदास वह फीकें इसलिए लग रहे थे क्योंकि वहाँ पर हरयाली नही थी और चारों तरफ सन्नाटा था।

5. खाली स्थान भरो ।

i. जवाहरलाल _______ की यात्रा पर जा रहे थे।

उत्तर - अमरनाथ

ii. मातायन से अमरनाथ की दूरी _______ मील थी।

उत्तर - आठ

iii. बरफीला मैदान दूर से जितना _______ दिख रहा था असलियत में उतना ही ऊबड़-खाबड़ था।

उत्तर - सपाट

iv. ________ की दुर्गम पर्वतमाला मुँह उठाए चुनौती दे रही थी।

उत्तर - हिमालय

v. नेहरू जी ________ जाने के लिए सुबह सवेरे तैयार हो गए।

उत्तर - अमरनाथ

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 12**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 10**

**<u>काल</u>**

I. काल किसे कहते हैं ?

उत्तर - काम के होने के समय की सूचना देने वाले शब्दों को काल कहते हैं।

II. काल के कितने भेद होते हैं ? उनके नाम लिखें।

उत्तर - काल के तीन भेद होते हैं, वर्तमान काल, भविष्यत काल तथा भूतकाल

III. भूतकाल का कोई एक उदाहरण लिखिए।

उत्तर - मैं कहानी पढ़ रही थी।

IV. भविष्यत काल का एक उदाहरण लिखिए।

उत्तर - मैं डॉक्टर बनूँगा।

V. दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द को रेखांकित कीजिए तथा काल भी बताइए।

i. मोहन पिकनिक पर जाएगा।

उत्तर - भविष्यत काल

ii. मैं लस्सी पी रहा हूँ।

उत्तर - वर्तमान काल

iii. गुरनूर के खाना खाया।

उत्तर - भूतकाल

VI. निर्देशा अनुसार वाक्यों को बदलकर लिखिए।

i. रवीना स्कूल गई। (वर्तमान काल)

रवीना स्कूल जा रही है।

ii. वैभव आया। (भविष्यत काल)

वैभव आएगा।

**Shivalik Public School**

**Worksheet - 13**

**CLASS - V**

**Subject - Hindi**

**Unit - 10**

**<u>मुहावरे</u>**

1. मुहावरों के अर्थ लिखें।
   i. हाथ बँटाना
   ii. आटे दाल का भाव मालूम होना
   iii. एक और एक ग्यारह
   iv. चेहरा खिलना
2. मुहावरों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए।
   (i) रोहन को उसकी माँ बहुत प्यार करती हैं। वह उनकी __________ है।
   (ii) नौकरी के लिए सुबह से शाम तक चलते चलते विवेक की _______ गई।
   (iii)रमा अपनी मम्मी के प्रत्येक काम में ________ की कोशिश करती है।
   (iv)भीष्म पितामह की प्रत्येक बात ________ के समान थी।
3. मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें।
   (i) काम तमाम करना
   (ii) छक्के छुड़ाना
   (iii) अगर मगर करना
   (iv) पीठ दिखाना
   (v) छाती पर साँप लोटना